दिनांक 27 सितंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

सभी नवीन मोटर पंप सफलतापूर्वक हुए स्थापित, 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से ओवरहेड टंकियों में जल प्रदाय हुआ प्रारंभ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ओवरहेड टंकियों में 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई है सर्वप्रथम नेहरू नगर की टंकी में जल प्रदाय करने की बात जल कार्य के अधिकारियों द्वारा कही गई है! प्रारंभिक तौर पर सभी ओवरहेड टैंकों में लगभग एक 1 मीटर पानी टेस्टिंग के लिए दिया जाएगा! पाइप लाइन के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली पानी टंकियों में पहुंचने पर उस पानी का सैंपल लेकर लैब में परीक्षण में किया जाएगा जिस टंकी में अशुद्ध पानी होगा उसे इसी स्तर पर खाली किया जाएगा तथा खाली करने के पश्चात पूर्ण रूप से टंकी को भरने का कार्य रात्रि कालीन किया जाएगा! लगभग 1:00 बजे शिवनाथ इंटक वेल से जलापूर्ति 77 एमएलडी के लिए शुरू की गई!

संपवेल तथा फिल्टर बेड की हुई सफाई शटडाउन के दौरान फिल्टर बेड तथा संपवेल की संपूर्ण रूप से सफाई की जा चुकी है सफाई के लगभग 25 कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य को अंजाम दिया गया!

विद्युत पैनल लग गए नए मोटर पंपों को विद्युत सप्लाई करने के लिए पैनल की बहुत अहम भूमिका होती है जोकि मोटर को जलने से भी बचाती है विद्युत पैनल को चार्ज करने के पश्चात पैनल सभी मोटर पंपों में विद्युत आपूर्ति देने का कार्य करती है जब कभी मोटर पंप में विद्युत संबंधी गड़बड़ी होती है तो विद्युत पैनल ट्रिप कर जाता है जिससे मोटर पंप जलने से बच जाती है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है

जनसंपर्क अधिकारी